# PMAY-U की नई पूरक योजनाएँ

## प्रलिम्सि के लयि:

[प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी](), [अफोर्डेबल रेंटल हाउसगि कॉम्प्लेक्स](), **GHTC इंडिया,** अंगीकार अभयिान, [महलिा सशक्तीकरण]()

## मेन्स के लयि:

PMAY-U की वशिषताएँ, बुनयिादी ढाँचे के वकिास से संबंधति सरकारी पहल

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री ने 77वें स्वतंत्रता दविस पर अपने भाषण में **शहरी गरीबों द्वारा सामना की जाने वाली आवास संकट की समस्या का समाधान करने हेतु** एक **नई योजना** का उल्लेख कयिा।


- यह नई योजना वर्ष 2015 में शुरू की गई एक प्रमुख सरकारी पहल [प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी]() (Pradhan Mantri Awas Yojana Urban- PMAY-U) की पूरक है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी

- **परचिय**:
  - आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के तत्त्वावधान में क्रयिान्वति **प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी** का उद्देश्य आर्थकि रूप से वंचति वर्गों के बीच शहरी आवास की कमी का समाधान करना है।
  - इस मशिन के तहत **वर्ष 2022 तक सभी पात्र शहरी परवारों को "पक्के" (टकिाऊ और स्थायी) घर उपलब्ध कराना है।**
    - इस लक्ष्य की पूर्तकि लयि **फंडगि पैटर्न और कार्यान्वयन पद्धत** में बदलाव कयि बनिा सभी स्वीकृत घरों के नरि्माण का कार्य पूरा करने हेतु **इस योजना को दसिंबर 2024 तक बढ़ा दयिा गया है।**
- **लाभार्थी: यह मशिन झुग्गीवासयिों/स्लम सहति EWS/LIG और MIG श्रेणयिों के बीच शहरी आवास की कमी को संबोधति करता है।**
  - [आर्थकि रूप से कमज़ोर वर्ग]() **(Economically Weaker Section- EWS)-** अधकितम वार्षकि पारवारकि आय 3,00,00 रुपए।
  - **नमि्न आय समूह (Low Income Group- LIG)-** अधकितम वार्षकि पारवारकि आय 6,00,000 रुपए।
  - **मध्यम आय समूह (Middle Income Groups- MIG I & II)-** अधकितम वार्षकि पारवारकि आय 18,00,000 रुपए।
    - लाभार्थी परवार में पत,ि पत्नी, अववािहति बेटे और/या अववािहति बेटयिाँ शामलि होंगी।
- **PMAY-U के घटक:**
  - **इन-सीटू स्लम पुनर्वकिास (In-situ Slum Redevelopment- ISSR):** ISSR कार्यक्रम नजिी डेवलपर्स के सहयोग से संसाधन के रूप में भूमकिा उपयोग करते हुए पुनर्वकिास के दौरान योग्य स्लम नविासयिों के लयि प्रतआिवास 1 लाख रुपए की केंद्रीय सहायता प्रदान करता है।
    - राज्यों/शहरों के पास इस केंद्रीय सहायता को अन्य स्लम पुनर्वकिास परयिोजनाओं के लयि आवंटति करने की छूट है।
  - **क्रेडटि लकि्ड सब्सडिी योजना (Credit Linked Subsidy Scheme- CLSS):** यह योजना EWS/LIG, मध्यम आय समूह (MIG)-I और MIG-II के लाभार्थयिों को आवास खरीदने, नरि्माण करने या वसि्तार के लयि आवास ऋण की मांग को करने में सहायता करता है।
    - **व्यक्त ियि लाभ उठा सकते हैं:**
      - 6 लाख रुपए तक की ऋण राश पिर 6.5% की ब्याज सब्सडिी।
      - 9 लाख रुपए तक की ऋण राश पिर 4% की ब्याज सब्सडिी।
      - 12 लाख रुपए तक की ऋण राश पिर 3% की ब्याज सब्सडिी।
    - **आवास और शहरी वकिास नगिम (HUDCO), राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB)** और [भारतीय स्टेट बैंक]() **(State Bank of India- SBI)** नामति केंद्रीय नोडल एजेंसयिाँ (CNAs) हैं जो ऋण संस्थानों के माध्यम से सब्सडिी देने तथा प्रगत िकी नगिरानी के लयि ज़मि्मेदार हैं।
  - **अफोर्डेबल हाउसगि इन पार्टनरशपि (AHP):**

- AHP के तहत भारत सरकार द्वारा **आर्थकि रूप से कमज़ोर वर्ग (EWS)** के प्रत्येक परविार को आवास के लयि **1.5 लाख रुपए** की केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है।
- कफियिती आवास परयिोजनाओं (Affordable Housing Projects) में वभिन्नि श्रेणयिों को शामलि कयिा जा सकता है, लेकनि वे केवल तभी केंद्रीय सहायता के लयि योग्य हैं जब इनमें **कम-से-कम 35% आवास EWS श्रेणी के लयि हों।**
- राज्यों/केंद्रशासति प्रदेशों ने सामर्थ्य सुनश्चिति करने के लयि EWS घरों की बक्रिी मूल्य पर ऊपरी सीमा नर्धारति की है।

◦ **लाभार्थी द्वारा व्यक्तगित आवास नरि्माण/संवर्द्धन (BLC-N/ BLC-E):**
- योग्य आर्थकि रूप से कमज़ोर वर्ग (EWS) के परवािरों को **घरों के नरि्माण व सुधार के लयि केंद्रीय सहायता के रूप में 1.5 लाख रुपए तक प्रदान कयि जाते हैं।**
- शहरी स्थानीय नकिाय भूमि के स्वामत्वि, आर्थकि स्थतिि और पात्रता की पुष्टि के लयि लाभार्थी की जानकारी और भवन योजना का सत्यापन करते हैं।




//

**नोट: PMAY-U महलिा सदस्य के नाम पर या संयुक्त नाम पर घरों का स्वामत्वि प्रदान करके महलिा सशक्तीकरण को बढ़ावा देता है।**

- **प्रगति:**
  - नवीनतम अपडेट के अनुसार, **PMAY-U पहल के तहत कुल 118.9 लाख घर बनाए जा चुके हैं,** जनिमें से 76.25 लाख घरों में लोग रह रहे हैं।
- **संबंधति पहल:**
  - **कफियिती करिाये के आवास परसिर (ARHCs):** MoHUA ने PMAY-U के अंर्तगत एक उप-योजना ARHCs प्रारंभ की है।
    - इससे **शहरी प्रवासयिों/औद्योगकि क्षेत्र के गरीबों के साथ-साथ गैर-औपचारकि शहरी अर्थव्यवस्था में रहने वाले लोगों को आसानी** होगी और उन्हें अपने कार्यस्थल के समीप ही कफियिती करिाये के आवास तक पहुँच प्राप्त होगी।
  - **अंगीकार अभयिान:** यह सामुदायकि गतशिीलता और IEC गतविधियिों के माध्यम से PMAY-U लाभार्थयिों के लयि जल और ऊर्जा संरक्षण, अपशषि्ट प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसी **सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने पर केंद्रति** है।
    - यह अभयिान औपचारकि रूप से **150वीं गांधी जयंती के उपलक्ष्य में 2 अक्तूबर, 2019 को शुरू** कयिा गया था।

- **GHTC इंडिया:** MoHUA ने **ग्लोबल हाउसगि टेक्नोलॉजी चैलेंज - इंडिया (GHTC इंडिया) की शुरुआत** की है, जिसका **उद्देश्य आवास नरि्माण क्षेत्र के लयि वशि्व स्तरीय नवीन नरि्माण प्रौद्योगकियों की पहचान करके इसे मुख्यधारा में लाना** है जो टकािऊ, पर्यावरण-अनुकूल और आपदा-लचीली हो।

## स्रोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-scheme-to-complement-pmay-u